परलोक की यात्रा (8 का भाग 7): नास्तिक और नरक

रेटिंग:

विवरण:

श्रेणी: लेख परलोक मौत के बाद का सफर

द्वारा: Imam Mufti (co-author Abdurrahman Mahdi)

पर प्रकाशित: 04 Nov 2021

अंतिम बार संशोधित: 04 Nov 2021

नरक अपनी कोप गर्जना के साथ नास्तिक का स्वागत करेगा:

"...और हमने उन लोगों के लिये जो इस दिन को नहीं मानते एक भीषण आग जलायी है। जब वह [नरक की आग] उन्हें दूर से देखेगी, वे उसके कोप और गर्जना को सुनेंगे।" (क़ुरआन 25:11-12)

जब वे उसके पास आएंगे, वे अपनी बेड़ियां महसूस करेंगे और खुद को उसका ईंधन समझेंगे:

"निस्संदेह, हमने नास्तिकों के लिये बेड़ियाँ और जंजीरें और आग तैयार की हैं।" (क़ुरआन 76:4)

"निस्संदेह, हमारे पास बेड़ियाँ और जलती हुई आग है।" (क़ुरआन 73:12)

ईश्वर के आदेश पर देवदूत दौड़ कर उन्हें पकड़ लेंगे और बेड़ियों से बांध देंगे:

"पकड़ लो और बांध दो।" (क़ुरआन 69:30)

"...और जो नास्तिक होंगे हम उनकी गर्दन में जंजीर डाल देंगे।" (क़ुरआन 34:33)

जंजीरों से बांध कर...

"...एक जंजीर जिसकी लंबाई सत्तर हाथ है।" (क़ुरआन 69:32)

...उसे खींचा जाएगा:

"जब गर्दन के चारों ओर लोहे के गलेबंद, और जंजीरें होंगी, उन्हें घसीटा जाएगा।" (क़ुरआन 40:71)

जिस समय उन्हें जंजीरों से बांध कर घसीटा जाएगा और नरक में फेंक दिया जाएगा, वे उसके क्रोध को देखेंगे:

"और जिन्होंने अपने पालनहार में विश्वास नहीं किया उनके लिये नरक का दंड है, और एक घृणास्पद गंतव्य है। जब उन्हें वहाँ फेंका जाएगा, वे वहाँ एक [भयानक] साँस लेने की आवाज़ सुनेंगे जो खौलने लगेगी। क्रोध से जैसे फट जाएगी..." (क़ुरआन 67:6-8)

चूंकि उन्हें एक बड़े मैदान से लाया जाएगा जहाँ वे एकत्र हुए थे, नंगे और भूखे, वे स्वर्ग के निवासियों से पानी की भीख मांगेंगे:

"तथा नरकवासी स्वर्गवासियों को पुकारेंगे कि हमपर तनिक पानी डाल दो अथवा जो ईश्वर ने तुम्हें प्रदान किया है, उसमें से कुछ दे दो। वे कहेंगे कि ईश्वर ने ये दोनों अविश्वासिओं के लिए वर्जित कर दिया है।" (क़ुरआन 7:50)

उस समय आस्थावान लोगों का स्वर्ग में आदर से स्वागत किया जाएगा, उन्हें आराम दिया जाएगा, और स्वादिष्ट दावत दी जाएगी, नास्तिक लोग नरक में भोजन करेंगे:

"तब तुम, आवारा, नास्तिक लोग, ज़क्कुम के पेड़ों से खाओगे और उससे अपना पेट भरोगे। " (क़ुरआन 56:51-53)

ज़क्कुम: एक पेड़ जिसकी जड़ें नरक के तल में हैं; उसके फल शैतानों के सिर जैसे दिखते हैं:

"उसका (स्वर्ग) सत्कार अच्छा है या ज़क्कुम के पेड़ का? निस्संदेह, हमने गलतियाँ करने वालों को कष्ट देने के लिए बनाया है। निस्संदेह, यह नरकाग्नि के तल से निकलता है, इसके फल ऐसे होते हैं जैसे शैतान के सिर। और निस्संदेह, ये उसी से खाएंगे और अपना पेट भरेंगे।" (क़ुरआन 37:62-66)

दुष्ट लोग कुछ और भी खाएंगे, कुछ ऐसा जिससे गला बंद हो जाए, और कुछ ऐसा जैसे सूखी, काँटेदार झाड़ियाँ।[2]

"और न ही कोई दूसरा भोजन सिवाय (बदबूदार) मवाद से बना; इसे कोई नहीं खाएगा सिवाय पापियों के।" (क़ुरआन 69:36-37)

और इस दयनीय भोजन को पेट में नीचे डालने के लिये, उनके अपने पस, खून, पसीना और मवाद से मिश्रित एक बहुत ही ठंडा द्रव [3] होगा, साथ ही उबलता हुआ, जला देने वाला पानी जो उनकी अंतड़ियों को घोल देगा:

"...और उन्हें जला देने वाला पानी पीने को दिया जाता है जो उनकी अंतड़ियों को काट देता है।" (क़ुरआन 47:15)

नरक में रहने वालों के कपड़े आग और तारकोल से बने होंगे:

"...और जो नास्तिक होंगे उनके कपड़े आग से बनाए जाएंगे।" (क़ुरआन 22:19)

"उनके पिघले हुए तारकोल से बने कपड़े और उनके चेहरे आग से ढके होंगे।" (क़ुरआन 14:50)

उनकी चप्पलें, [4] बिस्तर, और आशियाने भी इसी तरह आग से बने होंगे; [5] एक ऐसा दंड मिलेगा जो सारे शरीर के लिये होगा, लापरवाह सिर से लेकर पापी पैर के अंगूठे तक:

"तब उसके सिर पर जला देने वाला पानी डाला जायेगा।" (क़ुरआन 44:48)

"उस दिन उनका दंड उन्हें ऊपर से लेकर पैरों के नीचे तक पूरा मिलेगा और यह कहा जाएगा: 'तुम जो करते थे अब उसका फल भुगतो।" (क़ुरआन 29:55)

नरक में उनके दंड उनके अविश्वास और उनके पापों के अनुसार होगा।

"किसी तरह नहीं! उसे कोल्हू में अवश्य फेंका जाएगा। और तुम कैसे जान पाओगे कि कोल्हू क्या है? यह ईश्वर की अग्नि है, [अनंत काल] तक जलती है, जो दिलों तक पहुँचती है. निस्संदेह, यह [नरक की अग्नि] उनके पास लाई जाएगी। एक के बाद एक कतारों में।" (क़ुरआन 104:5-9)

हर बार त्वचा जलेगी, और हर बार उसे फिर से ठीक कर दिया जाएगा:

"निस्संदेह, जो हमारे छंदो में विश्वास नहीं करते – हम उन्हें आग में धकेल देते हैं। हर बार जब उनकी त्वचा भुनती है, हम उसे दूसरी त्वचा से बदल देते हैं ताकि वे दंड भुगतें। निस्संदेह, ईश्वर सदैव महान और बुद्धिमान है।" (क़ुरआन 4:56)

सबसे बुरी बात यह कि दंड बढ़ता ही चला जाएगा।

"तो भुगतो [दंड], और तुम्हारी यातना के अतिरिक्त हम तुम्हारे लिये और कुछ नहीं बढ़ाएंगे।" (क़ुरआन 78:30)

इस दंड का मनोवैज्ञानिक प्रभाव भयंकर होगा। इस दंड का प्रभाव इतना भीषण होगा कि इसे भुगतने वाले चीत्कार कर उठेंगे कि जिन्होंने उनको गलत मार्ग पर डाला उनके लिये यह दंड कई गुना कर दिया जाए:

"वे कहेंगे: 'हमारे ईश्वर, जिसके कारण हमारे साथ ऐसा हुआ है – उनके लिये आग में दुगुना दंड दिया जाए।" (क़ुरआन 38:61)

कुछ लोग भाग निकलने का पहला प्रयास करेंगे, लेकिन:

"और उनके लिये लोहे के हथौड़े हैं। जितनी बार वे व्याकुल होकर बाहर निकलने की कोशिश करेंगे, उन्हें वापस भेज दिया जाएगा, और [यह कहा जाएगा]: 'धधकती आग का आनंद लो!" (क़ुरआन 22:21-22)

कई बार असफल होने के बाद, वे इबलीस (जो खुद एक बड़ा शैतान है) से सहायता मांगेंगे।

"और शैतान कहेगा, जब निर्णय कर दिया जायेगाः वास्तव में, ईश्वर ने तुम्हें सत्य वचन दिया था और मैंने तुम्हें वचन दिया, तो अपना वचन भंग कर दिया और मेरा तुमपर कोई दबाव नहीं था, परन्तु ये कि मैंने तुम्हें (अपनी ओर) बुलाया और तुमने मेरी बात स्वीकार कर ली। अतः मेरी निन्दा न करो, स्वयं अपनी निंदा करो, न मैं तुम्हारी सहायता कर सकता हूँ और न तुम मेरी सहायता कर सकते हो। वास्तव में, मैंने उसे स्वीकार कर लिया, जो इससे पहले तुमने मुझे ईश्वर का साझी बनाया था। निःसंदेह अत्याचारियों के लिए दुःखदायी यातना है।" (क़ुरआन 14:22)

शैतान से निराश होकर, वे नरक की रक्षा करने वाले देवदूतों से विनती करेंगे कि उनके कष्ट को कुछ कम करवा दें, भले ही एक दिन के लिये:

"और अग्नि में पड़े वे लोग नरक के रक्षकों से कहेंगे: 'अपने मालिक से प्रार्थना करें कि [भले ही] एक दिन का दंड कम कर दें'।" (क़ुरआन 40:49)

ईश्वर के उत्तर की अनिश्चित प्रतीक्षा के बाद, रक्षक वापस आएंगे और पूछेंगे:

"'क्या तुम्हारे संदेशवाहक तुम्हारे पास स्पष्ट प्रमाणों के साथ नहीं आए थे? वे कहेंगे, 'हाँ।' वे [रक्षक] उत्तर देंगे: 'तो स्वयं से प्रार्थना करो, लेकिन नास्तिकों की याचना कुछ नहीं है बल्कि निरर्थक (प्रयास) है।" (क़ुरआन 40:50)

दंड कम हो पाने की आशा छोड़कर, वे मृत्यु चाहेंगे। इस बार वह नरक के मुख्य देवदूत मलिक से कहेंगे, और 40 साल प्रार्थना करेंगे:

"और वे पुकारेंगे: 'ओ मलिक, अपने ईश्वर से कहो हमारा अंत कर दें!..." (क़ुरआन 43:77)

हज़ार साल बाद उसका तल्ख उत्तर होगा:

"...निस्संदेह, तुम यहीं रहोगे।" (क़ुरआन 43:77)

अंत में, वह उसकी ओर मुड़ेंगे जिसकी ओर मुड़ने से उन्होंने इस संसार में मना कर दिया था, एक आखिरी मौका देने के लिये:

"वे कहेंगे, 'हमारे ईश्वर, हमारी जड़बुद्धि हम पर हावी हो गई थी, और हमारा पतन हो गया था। हमारे ईश्वर, हमें यहाँ से हटाओ, और अगर हम फिर बुराई की ओर जाएँ, तो हम वाकई पापी होंगे।" (क़ुरआन 23:106-107)

ईश्वर का उत्तर यह होगा:

"वहीं उपेक्षित पड़े रहो और मुझसे बात मत करो।" (क़ुरआन 23:108)

इस उत्तर की पीड़ा उनकी भयंकर यातना से भी अधिक होगी। क्योंकि नास्तिक तब यह जान जाएगा कि नरक में उसका निवास अनंत काल तक रहेगा, स्वर्ग से उसका उन्मूलन अंतिम रूप से पक्का है:

"निस्संदेह, जो विश्वास नहीं करते और गलतियाँ करते हैं – उन्हें ईश्वर कभी क्षमा नहीं करेगा, न ही वह उन्हें नरक के मार्ग के अतिरिक्त और कोई मार्ग दिखाएगा; वे सदैव वहीं रहेंगे। और ईश्वर के लिये यह बहुत आसान है।" (क़ुरआन 4:168-169)

सबसे बड़ी हानि एक नास्तिक के लिये आध्यात्मिक होगी: उसका ईश्वर से पर्दा रहेगा और वह उसे देखने से वंचित रहेगा:

"नहीं ! निस्संदेह, अपने ईश्वर से, उस दिन, उनका विभाजन हो जाएगा।" (क़ुरआन 83:15)

जिस तरह उन्होंने इस जीवन में ईश्वर को 'देखने' से मना कर दिया, अगले जीवन में ईश्वर उनसे विमुख हो जाएगा। आस्थावान उनका मज़ाक उड़ाएंगे।

"**तो आज (क़यामत में) ईमानदार लोग काफ़िरों से हँसी करेंगे, (और) तख्तों पर बैठे नज़ारे करेंगे कि अब तो काफ़िरों को उनके किए का पूरा पूरा बदला मिल गया।" (क़ुरआन** 83:34-36)

उनके सम्पूर्ण दुख और निराशा का अंत तभी होगा जब मृत्यु एक मेढ़ा के रूप में उनके सामने लाई जाएगी और उनके सामने उसका वध किया जाएगा, ताकि उन्हें पता चल जाए कि अंतिम विलय में कोई शरण नहीं मिलेगी।

"और उन्हें चेतावनी दो, (ओ मुहम्मद), पश्चाताप के दिन की, जब मामले का अंतिम निर्णय होगा; और फिर भी वे बेध्यानी में हैं, और विश्वास नहीं करते!" (क़ुरआन 19:39)

फ़ुटनोट:

[1] ????? 72:13.

[2] ????? 88:6-7.

[3] ????? 78:24-25.

[4] ???? ???????

[5] ????? 7:41.

इस लेख का वेब पता:

https://www.islamreligion.com/index.php/hi/articles/417

कॉपीराइट © 2006-2020 सभी अधिकार सुरक्षित हैं। © 2006 - 2023 IslamReligion.com. सभी अधिकार सुरक्षित हैं।